आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जा रहा है–अब से कुछ देर बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम से राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।
- प्रशासन के विभिन्न विभागों में 'योग संगम' –सामूहिक योग प्रदर्शन किया जाएगा।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने योग दिवस पर द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।
- द्वीपसमूह में अगले तीन दिनों तक मौसम के खराब रहने की आशंका–मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह।

<><><><><><><>

आज ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग मनाया जा रहा है। अब से कुछ ही देर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे और मुख्य स्थल पर 3 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन करेंगे। उनके साथ केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी शामिल होंगे। योग संगम' पहल के तहत देश भर में दस लाख से अधिक स्थानों पर योग का प्रदर्शन किया जाएगा। योग का सामूहिक प्रदर्शन सुबह साढ़े छः बजे से आयोजित किया जाएगा और संपूर्ण देश के विभिन्न स्थलों से अभूतपूर्व भागीदारी मिलने की उम्मीद है। इस संगम में, राज्य भर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर योग सत्रों में 2 करोड़ से अधिक लोगों के भाग लेने की आशा है। आंध्र प्रदेश सरकार इस अवसर को विशेष बनाने के लिए इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का भी प्रयास कर रही है। इस अवसर पर, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत प्रतिभागियों को 50 लाख से अधिक योग प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह दशकीय संस्करण भारत की स्वास्थ्य और कल्याण यात्रा में वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण बन जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के साथ योग सत्र में भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार नौ कर्मी भी शामिल हैं। योग सत्र विशाखापत्तनम के आर. के. बीच से भोगपुरम तक लगभग छब्बीस किलोमीटर के दायरे में आयोजित होगा।

इस आयोजन से नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनने की आशा है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित होंगे। विशाखापत्तनम समुद्र में भी भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के जहाजों में योग प्रस्तुत किया जाएगा। योग को प्रतिदिन के जीवन में शामिल करने के उद्देश्य से केन्द्र और राज्य आज संयुक्त घोषणा– विशाखापत्तनम योग संकल्प जारी करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रशासन के विभिन्न विभागों में अब से कुछ देर बाद 'योग संगम' –सामूहिक योग प्रदर्शन शुरू होने जा रहा है। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयुष की योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नन्दिनी ने जानकारी दी कि इसके लिए विभिन्न स्थानों का चयन किया गया है।

डॉ. नन्दिनी ने कहा कि मुख्य समारोह गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया है, जिसमें उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी भाग लेंगे।

इस बीच, पर्यटन विभाग की ओर से आज एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर समुद्र तट योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव तीनों ज़िलों के संबंधित उपायुक्तों और विभागों के सहयोग से द्वीपों के सभी लोकप्रिय समुद्री तटों पर आयोजित होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी चिन्हित समुद्र तटों पर एक साथ सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्बाइंस कोव समुद्री तट पर आयोजित कार्यक्रम में आसन, प्राणायाम और क्रिया से युक्त योग प्रतियोगिताएं होंगी।

<><><><><><><>

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उप–राज्यपाल ने कहा कि हमारी तेज रफ्तार और अक्सर तनावपूर्ण दुनिया में हम जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य, चिंताओं जैसी चुनौतियों का सामना करते हैं। इन सब बातों को देखते हुए आज योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं ज्यादा हो गई है। योग केवल शारीरिक व्यायामों का एक समूह नहीं है,

यह एक शास्वत अनुशासन है जो शरीर, मन और आत्मा को एकजुट करता है और हमें मानसिक शांति, व्यवहार में लचीलापन और संसार के कल्याण की ओर ले जाता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल अनिवार्य करने के मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल हैडो जेट्टी पर फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। विभाग की तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए पोत प्रबंधन बोर्ड, स्वास्थ्य, सी आई एस एफ और अग्निशमन विभागों के समन्वय में अभ्यास आयोजित किया गया। ड्रिल में प्रभावी आपदा प्रतिक्रिया के लिए तत्परता और अंतर–एजेंसी समन्वय पर प्रकाश डाला गया। डीब्रीफिंग सत्र के दौरान, संसाधन विभागों के पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल प्रक्रियाओं के प्रति कर्मचारियों की सराहना की और आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संसाधनों को अपडेट करने की भी सिफारिश की।

<><><><><><><>

अंतरद्वीपीय क्षेत्र में यात्रियों की अत्याधिक भीड़–भाड़ के चलते उनकी सुविधा के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय बाईस जून को कल श्री विजयपुरम से कैम्पबेल बे और ननकौड़ी तक के लिए एम वी नालंदा की अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करेगा। जलयान एम वी नालंदा कल दोपहर दो बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा और तेईस जून को रात आठ बजे कैम्पबेल बे से श्री विजयपुरम के लिए वापस आएगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज सुबह नौ बजे से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। अंडमान द्वीपसमूह मे चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की तेज हवाओं के साथ आंधी–तूफान आने के साथ–साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। बाईस से चौबीस जून तक अंडमान सागर और द्वीपसमूह में समुद्र की स्थिति बेहद खराब रहने की आशंका है। मौसम विभागों द्वारा मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे बाईस से चौबीस जून के बीच अंडमान सागर और द्वीपसमूह के आस–पास के समुद्र में न जाएं।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से अंडमान लॉ कॉलेज के सामने कलवर्ट निर्माण कार्य के चलते आज और कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा।

**<><><><><><><>**